और वर्तमान में अभी उनके पास कोई ऐसा प्रावधान है, यदि है तो सदन को बताने की कृपा करेंगे ?

SHRI ANANTH KUMAR : It is a very good suggestion for consideration.

श्री बालकवि बैरागी : सभापति महोदय, भारतवर्ष की इतनी बड़ी सांस्कृतिक सम्पदा, इतनी बड़ी सम्प्रेषण करने वाली सम्पदा कई लोगों से अभी तक छिपी हुई है, दूर है और इतना सरकार उस काम के लिए, इस नृत्य के लिए कर रही है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या कुछ ऐसी व्यवस्था आप करा सकेंगे संगीत नाटक अकादमी से, किसी भी कला केन्द्र से या आपके किसी उपांग से कि 17 तारीख तक यह सत्र चलेगा, उस बीच इस कला के बारे में कोई वर्कशाप, कोई अच्छा प्रदर्शन वहां के नृत्यकारों का हमारे सामने यहां हो सके दिल्ली में और हम लोग उससे अवगत हो सकें, ऐसी कोई कार्रवाई आप 15 दिन में करा सकेंगे ?.....(**व्यवधान**).... सर, हमें जानना चाहिए, हमारा राइट है कि हम जानें और यदि अनन्त कुमार जी आप इसमें पहल करेंगे तो पूरे देश में जाकर हम लोग इस बात के बारे में कहने के लिए शुरुआत कर सकेंगे और मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि एक सांस्कृतिक व्यक्ति होने के नाते भी आप मेरी वेदना को समझें और समय के इस महत्वपूर्ण क्षण को भी समझें और मेरे इस सुझाव को कार्यान्वित करने के लिए आप इस सदन में आज वादा करें।

श्री अनन्त कुमार : सर, माननीय मैम्बर की वेदना नहीं, इच्छा को मैं समझ चुका हूं ।

*506. [The Questioner (SHRI SHIBU SOREN) was absent. For answer, *vide* page ..... infra]

Downsizing of Staff strength by AI

*507. **SHRI GAYA SINGH :**
SHRI J. CHITHARANJAN :[1]

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Air India has decided to cut down its employees strength to 10,000 from the present 17,000 by 2004-05; and

(b) if so how it is proposed to be done?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI SHARAD YADAV) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

[1] The Question was actually asked on the floor of the House by Shri J. Chitharanjan.

SHRI J. CHITHARANJAN : Sir, this question was raised on the basis of a series of reports that have appeared in the newspapers, and the reports were dealing with the pathetic situation in Air India at the moment. It was stated that the Air India was running at a loss. Therefore, in order to rehabilitate it, to see that it makes a profit, several proposals were being thought of by the Government, like going in for disinvestment and at the same time, entering into some alliance with some foreign companies. Several such proposals have appeared in the Press. It was as part of it that this proposal was also there. Therefore, I would like to know from the hon. Minister what exactly the Government has decided about reorganising Air India and what exactly is the *modus operandi*.

श्री शरद यादव : सभापति महोदय, जहां तक इस सवाल का संबंध है कि क्या यह सच है कि एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों की वर्तमान में 17,000 की संख्या को वर्ष 2004-05 तक घटा कर 10,000 करने का फैसला किया है, इस बाबत मैं आपसे साफ कहूं कि इस तरह का कोई फैसला नहीं लिया गया है। निश्चित तौर पर हमारे एक जहाज पर 700 लोग काम करते हैं। दुनिया में इससे बड़ा कोई नंबर नहीं है। यह जो नंबर आपने दिया है 1,015 यह कतई ठीक नहीं है। निश्चित तौर पर हमने कई तरह के कदम उठाए हैं जिससे मजदूरों को भी नुकसान न हो और जो घाटा एयर इंडिया को हो रहा है, जिसके बारे में बहुत चर्चा होती है, अभी सदन में उस पर चर्चा होनी है और बड़े विस्तार से चर्चा होगी और उसमें सारे सवालों का जवाब आएगा। हमने ऐसे कई कदम उठाए हैं जिनसे एयर इंडिया में जो मजदूर और कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनको नुकसान न हो और एयर इंडिया healthy बने। अभी एयर इंडिया थोड़ी-बहुत बीमार है, मैं नहीं मानता कि बहुत बीमार है। इतना ही हमारा कहना है।

सभापति महोदय, हमने उसके लिए दो-चार कदम उठाए हैं जिनका जिक्र मैं आपसे करना चाहता हूं। हमने अपने विमान बेड़े को अधिक लाभदायक मार्गों पर पुन: लगाया है और हानिकारक मार्गों को बंद किया है। सबसे पहले एयर इंडिया में ही हमने सेवा निवृत्ति की आयु को 60 वर्ष से 58 वर्ष किया है। विदेशी स्टेशनों पर हमने स्टॉफ को काफी कम किया है और जो प्रॉफिटेबल रूट्स हैं, वहां भी कम किया है। हमने विमान उपयोगिता बढ़ाने की भी कोशिश की है। हमारे पास जो फ्लीट है, वह 26 विमानों का है। हमें उसका मैक्सिमम यूटिलाईजेशन करना है और जो हमारे पास पुराने जहाज हैं बी-747, ऐसे 2,000 विमानों की हम बिक्री कर रहे हैं।

SHRI J. CHITHARANJAN : Sir, the hon. Minister said that some of the obsolete planes will be sold, but at the same time, what steps is the Government taking to get new planes for operation by Air India?

श्री शरद यादव : सभापति जी, हमारी एअर इंडिया दुनिया में सबसे बेहतर एअर लाइंस 5-7 साल पहले थी और दुनिया में कोई हमारा मुकाबला नहीं कर सकता था। इसमें 4-5 बार

स्पेस की दिक्कत हुई है और इसमें सुधार करने के लिए इस विभाग ने, हमारे मंत्रालय ने इसमें ज्यादा से ज्यादा वक्त लगाया है। हमारे पास पांच कारपोरेशन्स हैं और पांच में से चार जो हैं, उनमें से दो प्राफिट में हैं और दो लॉस में हैं जो होटल कारपोरेशन एअर इंडिया के साथ है। बाकी एअरपोर्ट अथॉरिटी, पवन हंस, इंडियन एअरलाइन्स हैं, ये ऐसे विभाग हैं जिनको एक पैसा भी सरकार की तरफ से नहीं मिलता है, 153 रुपये जरूर सरकार की तरफ से कभी हमको बहुत पहले मिले होंगे, लेकिन वित्त मंत्री जी की दया हमारी तरफ कभी नहीं रहती है। ये सोचते हैं कि इससे कोई वोट का रिश्ता नहीं है, देशभर के लोग भी सोचते हैं कि इससे वोट का कोई रिश्ता नहीं है। .... (**व्यवधान**) ....

श्री प्रेमचन्द गुप्ता : मंत्री महोदय इसलिए वरीड हं ... (**व्यवधान**) ...

श्री शरद यादव : जो बात सही है वह सही है। अभी तक नहीं मिला है। आप बैठे हैं और हम भी बैठें हैं । मैं तो 5-7 महीने से यहां आया हूं, लेकिन जो बात ठीक है उसको कोई कहता नहीं है इसलिए मैं कह रहा हूं। अब इसका रिश्ता वोट से जुड़ने वाला है इसलिए इसमें पैसा जरूर आएगा। माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है वह रिलीवैंट सवाल पूछा है। हमने ट्रायली कुछ जहाज खरीदने का फैसला किया है और वह प्रोसेस में है।

DR. L.M. SINGHVI : I must congratulate the Minister for having taken stock of the very serious situation with regard to Air India. In recent year, Air India has been losing money. But, more, particularly, this year, Air India has reduced its losses to a very considerable extent and brought them down. The fuel prices have gone up and if they hadn't gone up, perhaps, Air India would have made a profit. There is, nevertheless, a strong case and I think the Minister would have to go into it in great detail for a very substantial retrenchment. The corporation cannot possibly afford to have such over-staffing which, as he has himself admitted, exists and is out of all proportion. It is a problem which has to be gone into, on the basis of a business plan to be presented by Air India because it would be a matter of great concern if Air India goes more and more into the red. On the other hand, I am glad that the Minister thinks that it is not all that bad and that there is a considerable hope for rescuing this flagship of India.

श्री शरद यादव : सभापति जी, माननीय सिघंवी जी का मैं आभार मानता हूं कि उन्होंने बिल्कुल सच कहा है। यदि फ्यूल के दाम न बढ़े होते तो एअर इंडिया लगभग 40 करोड़ का लाभ कमा रही होती। अब अचानक फ्यूल के दाम बढ़ाये गये हैं। सभापति जी, माननीय सदस्य की चिन्ता सही है। हमारा देश बड़ा है। यहां पर बेकारी और बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। जिन

लोगों की रोजी-रोटी लगी हुई है, उनकी आगे की जिंदगी को भी संवारते रहना है। ये दो बहुत कठिन सवाल हैं और इन कठिन सवालों के लिए सावधानीपूर्वक हमने एक पालिसी बनाई है। वह पालिसी बनाकर के ही, रिटायरमैंट की उम्र को घटाकर 60 से 58 किया है। यदि कोई इससे पहले किसी दूसरे धंधे में या किसी व्यापार में जाना चाहता है तो हमने कोशिश की है कि वह पांच साल पहले भी जा सकता है। इसी तरह से हमने कहा है कि यदि कोई सप्ताह में तीन दिन आ करके काम करे तो वह कर सकता है। इसी तरह के हमने कोई कदम उठाये हैं। जो लोग इसमें काम कर रहे हैं, उनकी आगे की जो जिंदगी है, उनके बाल-बच्चे हैं, उनका भविष्य अंधकारमय न हो। जो इतनी बड़ी संख्या है एक जहाज पर 700 लोग हैं इसको भी सिलसिलेवार धीरे-धीरे कम करने का काम है। यह कदम हम बहुत सावधानी से उठा रहे हैं। सभापति जी, मैं आपको और आपके माध्यम से इस सदन को यकीन दिलाता हूं, मुतमईन करता हूं कि आने वाले साल से हम लाभ नहीं कमा पाये तो लाभ-हानि को जीरो जरूर कर देंगे। इसमें हम लगातार लगे हुए हैं।

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

Master plan for development of tourism in Andhra Pradesh

*501. SHRI RAMACHANDRAIAH RUMANDLA :

DR. Y. LAKSHMI PRASAD :

Will the Minister of TOURISM be pleased to state :

(a) whether the Andhra Pradesh Government has requested to share the cost of preparation of tourism master plan for Hyderabad, Tirupati, Vishakhapatnam and Nagarjuna Sagar;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken thereon to encourage tourism in the country?

THE MINISTER OF TOURISM AND MINISTER OF CULTURE (SHRI ANANTH KUMAR) : (a) Yes, Sir.

(b) Andhra Pradesh Government has engaged the services of M/s. EDAW, U.K. and its agency M/s. Tourism Features, New Delhi for preparing macro and micro plans of Tirupati and Hyderabad. Similarly, the services of M/s. KPMG Ltd. was utilised for preparing project report on micro and macro plans